# मानसून से पूर्व बरसाती नाले, नालियों की सफाई कराने की मांग

**चाकसू, (निसं)।** चाकसू नगरपालिका क्षेत्र एवं बाहरी बस्तियों में बरसात के दिनों में पानी का समुचित निकास नहीं होने के कारण पानी भर जाता है।

नव विकसित कॉलोनियों के निर्माण के समय नगरपालिका के तकनीकी एक्सपर्ट्स से बिना सलाह लिए, बिना योजना की विधिवत अनुमति लिए दर्जनों कॉलोनियां आबाद हो गई, इसके चलते परम्परागत पानी की आवक के रास्ते अवरूद्ध हो गये। इसी का परिणाम है कि बस्तियों में महिनों तक पानी भरा रहता है। नगरपालिका महिनों तक पानी निकालने के किराए के एंजिन लगाकर पानी निकासी की खानापूर्ति करती आ रही है।

स्थाई समाधान नहीं होने से जनता परेशान हैं। नगरपालिका की लापरवाही के चलते नगरपालिका क्षेत्र के नाले एवं नालियों की सफाई नहीं होने से कचरे एवं गंदगी से भरे पड़े हैं। अचानक बरसात आती है तो आबादी क्षेत्र में पानी भरना सुनिश्चित है।



चाकसू के मध्य से निकलने वाले नाले में भरा कचरा।

- **लोगों ने उपखंड अधिकारी एवं नगरपालिका प्रशासन से आग्रह किया**

कस्बे के जागरूक एवं सेवाभावी ठेकेदार राधेश्याम शर्मा, रामजीलाल शर्मा, सुरज्ञान सिंह बड़ोदिया, लक्ष्मीनारायण गोस्वामी, पार्षद दिनेश शर्मा सहित अन्य लोगों ने उपखंड अधिकारी एवं नगरपालिका प्रशासन से आग्रह किया है कि चाकसू के तालाबों में बरसाती पानी के परम्परागत आवक मार्ग, नहरो, बड़े नालो एवं नालियों की बरसात से पूर्व युद्ध स्तर पर सफाई करवाई जाए एवं के उठवाया जाए।

## अखण्ड रामध्वनि सम्पन्न

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकट स्थित स्कूल की ढाणी के विश्वनाथ शिवालय में मंगलवार को गंगा दशमी पर शुरू हुई 48 घन्टे की अखण्ड रामध्वनि का गुरुवार को महाआरती के साथ समापन किया गया। साथ ही विद्वान पण्डितों के सानिध्य में यजमानों द्वारा हवन-पूजन भी किया गया। पण्डित विवेक शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष गंगा दशमी को 48 घन्टे की अखण्ड रामध्वनि महोत्सव आयोजित होता है। इस दौरान मन्दिर परिसर में उपस्थित सभी लोगो द्वारा सामूहिक रूप एक ही ध्वनी "रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम" का अनवरत उच्चारण किया जाता है। इस अवसर पर भंवर लाल भोपा, हेमराज कुमावत, चिरंजी लाल बड़ीवाल, तुलसीराम कुमावत, युवराज कुमावत, इन्द्रचन्द कुमावत, शान्ति लाल सहित अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# कृषि मंडी में चोरी की वारदात से व्यापारियों में आक्रोश

- **लालसोट कृषि उपज मंडी समिति परिसर में व्यापारी की दुकान से गल्ले का ताला तोड़कर नकदी पार करने का मामला**
- **चोर को पकड़ने के साथ राशि को बरामद नहीं किया गया तो सभी व्यापारी विरोध प्रदर्शन करेंगे**

**लालसोट, (निसं)।** कृषि उपज मंडी समिति परिसर में व्यापारी की दुकान से गल्ले का ताला तोड़कर नकदी पार करने के मामले को लेकर व्यापारियों में खासा आक्रोश बना हुआ है।

कृषि उपज मंडी स्थित दुकान से हुई चोरी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। कृषि उपज मंडी लालसोट की फर्म भोरी लाल बद्री लाल एंड संस से बुधवार की रात्रि करीब डेढ बजे नकाबपोश बदमाश द्वारा दुकान फर्म के गल्ले को तोड़कर रखी करीब 32 हजार रुपए की नगदी को चुरा लिया गया। इस मामले को लेकर ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष नवल झालानी सहित व्यापारियों द्वारा इस तरह मंडी समिति परिसर में पूर्ण सुरक्षा के बावजूद हुई चोरी को लेकर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए एक पत्र मंडी समिति प्रशासन को भेजकर आक्रोश व्यक्त किया गया है।

ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष नवल झालानी ने कहा कि मंडी समिति परिसर में चौकीदारों की पूर्ण व्यवस्था है इसके बाद इस तरह चोरी की घटना घटी है। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि करीब 20 दिन पूर्व मंडी समिति प्रशासन को अवगत कराया गया था कि रामप्रसाद के अवसाद की फार्म के ताले तोड़ने की कोशिश हुई है इसके बाद भी मंडी समिति प्रशासन द्वारा कोई सुरक्षा के लिए ठोस कदम नहीं उठाया गया। झालानी ने कहा कि अगर जल्दी ही चोर को पकड़ने के साथ राशि को बरामद नहीं किया गया तो सभी व्यापारी अनिश्चितकालीन हड़ताल कर मंडी समिति स्थित प्रतिष्ठानों को पूर्णतया बंद कर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# किसानों ने मंडी गेट पर ताला जड़ा

- **समर्थन मूल्य पर तुलाई नहीं होने व कई समस्याओं से किसान परेशान**

**लालसोट, (निसं)।** क्रय विक्रय सहकारी समिति द्वारा लगाए गए कांटे पर समर्थन मूल्य पर तुलाई नहीं होने एवं विभिन्न समस्याओं को लेकर किसानों ने कृषि उपज मंडी समिति लालसोट के गेट पर ताला लगाकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

किसानों ने बताया कि क्रय विक्रय सहकारी समिति द्वारा समर्थन मूल्य पर फसल की तुलाई नहीं की जा रही है। किसानों ने बताया कि मौसम बिगड़ रहा है एवं बारिश होने के साथ तूफान आदि आने से उनकी फसलें खराब होने के कगार पर बनी हुई है। कई किसानों द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर कृषि उपज मंडी समिति के गेट पर तालाबंदी कर प्रदर्शन करने से गेट के बाहर सड़क पर वाहनों की कतारें लगने से जाम की स्थिति पैदा हो गई। किसानों ने कहा कि कृषि उपज मंडी परिसर डोम में जो फसलें किसानों की नहीं है उनको वहां से हटाकर उनकी फसलें रखने के लिए डोम को खाली कराया जाए। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार गोयल थाना प्रभारी नाथू लाल मीणा सहित कृषि उपज मंडी समिति के एवं क्रय विक्रय सहकारी समिति के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। किसानों से समझाइस की गई इसके बाद किसानों द्वारा विरोध प्रदर्शन समाप्त किया।

## सड़क हादसे में दो जने घायल

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा अजमेर सड़क मार्ग पर अडुस्या के पास बुधवार की दोपहर हुए सड़क हादसे में दो जने घायल हो गये। जिन्हें 108 एम्बुलेंस की सहायता से लाम्बाहरिसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मिली जानकारी में सामने आया कि अडुस्या गांव के पास अनियंत्रित हो बाइक फिसल जाने से शैतान गुर्जर निवासी संवारिया व लादू गुर्जर निवासी कुहाडा घायल हो गया। जिनका अस्पताल में उपचार जारी है।

## माली महासंगम को लेकर पीले चावल बांटे

**दौसा, (निसं)।** लालसोट उपखंड क्षेत्र में माली समाज द्वारा जयपुर में होने वाली माली महासंगम कार्यक्रम को लेकर समाज के प्रतिनिधियों ने पीले चावल बांटकर लोगों को आमंत्रित किया।

इस महासंगम में ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाने के लिए माली समाज के जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं द्वारा दर्जनों गांव ढाणियों में जनसंपर्क किया गया। विद्याधर नगर जयपुर में आयोजित होने वाले माली महासंगम को लेकर माली समाज लालसोट ने महत्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति लालसोट के तत्वाधान में समाज के वरिष्ठ लोगों की टीमें गठित कर महा संगम में संख्या बल जुटाने जाने के लिए प्रचार प्रसार कर समाज बन्धुओं से ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम स्थल पहुंचने की अपील की गई। समिति अध्यक्ष बाबूलाल सैनी के सानिध्य में डोब हरीपुरा डीडवाना मोहम्मदपुरा रामगढ़ पचवारा आदि गांवों में घर घर जा कर लोगों से अपील की।..वहीं दूसरी टीम ने समिति उपाध्यक्ष कमलेश सैनी बनजारा के सानिध्य में किशनपुरा, सुरतपुरा मण्डावरी छावा रामसर डिवाचली महारिया बिलोना कला खटवा आदि गांवों में पीले चावल बांटकर न्यौता दिया।

## भगतसिंह की प्रतिमा का अनावरण किया

**खैरथल, (निसं)।** राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक दीपचंद खैरिया ने कहा कि भगतसिंह न केवल देश के लिए मर मिटने वाले स्वतंत्रता सेनानी अपितु मजदूरों के भी मसीहा थे।

खैरिया यहां पावर हाउस के पास किशनगढ़ व इस्माइलपुर रोड पर तिराहे पर स्थापित शहीदे आज़म भगतसिंह की प्रतिमा के अनावरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि लाहोर से भेष बदलकर कलकत्ता में देश की आजादी के लिए आंदोलन को संचालित करते हुए उन्होंने मजदूरों के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ भी संघर्ष करते हुए उन्हें अधिकार दिलाने में सफल रहे थे। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य गिरीश डाटा, किशनगढ़ बास के पूर्व प्रधान ओमप्रकाश रोघा, जयपुर से आए नारायण दास केवलानी, एडवोकेट महेंद्र पाल सिंह (टिंकू), बीसीसी अध्यक्ष शिवचरण लाल गुप्ता, नगरपालिका में नेता प्रतिपक्ष विक्की चौधरी, सिख समाज के प्रधान सरदार जितेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान सुरजीत सिंह, कंवलजीत सिंह आदि ने अमर शहीद भगतसिंह के बलिदान को याद किया।

## जाट छात्रावास का शिलान्यास

**दूदू, (निसं)।** कस्बे में मोजमाबाद रोड पर जाट विकास समित दूदू के नेतृत्व में जाट छात्रावास का शिलान्यास संतों एवं समाज बन्धुओं ने किया। इस अवसर पर नरैना दादू पीठाधीश्वर गोपाल दास महाराज, बजरंग देवाचार्य महाराज अध्यक्ष श्रवण भांभू, राजाराम मील, ओमप्रकाश पूनिया, राधेश्याम गोदारा, पूर्व विधायक रणवीर पहलवान, जिला प्रमुख रमा चौपडा, प्रधान रवि चौधरी आदि मौजूद रहे।

# महंगाई राहत शिविर जारी

**देवली, (निसं)।** राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार नगरपालिका परिसर में महंगाई राहत शिविर (स्थाई कैम्प) का आयोजन निरन्तर किया जा रहा है।

नगरपालिका द्वारा यहां महंगाई राहत शिविरों के अन्तर्गत अब तक 187.90 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन किये जा चुके हैं। पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने बताया कि नगरपालिका द्वारा संचालित महंगाई राहत शिविर में प्रतिदिन 200 से 300 रजिस्ट्रेशन किये जा रहे है। मीणा ने यहां अपील की है कि महंगाई राहत शिविरों में रजिस्ट्रेशन से वंचित परिवार अधिक से अधिक संख्या में रजिस्ट्रेशन करवाये ताकि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही राहत के गारन्टी कार्ड प्राप्त हो सके। इसके साथ ही नगरपालिका देवली द्वारा प्रशासन शहरों के संग-2021 वार्ड वाईज शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। नगरपालिका द्वारा अब तक 3388 पट्टे विभिन्न योजनाओं के तहत वितरण किये जा चुके हैं। इसी निरन्तरता में गुरुवार को यहां नगरपालिका द्वारा 24 पट्टे विभिन्न योजनाओं यथा - स्टेट ग्रान्ट एक्ट, 69-क, स्थानीय निकाय की योजनाओं में वितरण किये गये। इस मौके पर पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा पालिका उपाध्यक्ष सौरभ जिंदल पार्षद सत्यनारायण सरसडी विनोद पुजारी सदस्य, लाभार्थी एवं नगरपालिका स्टाफ उपस्थित रहे।

## पी.एच.सी. स्वीकृत

**पावटा, (निसं)।** विधायक इंद्राज गुर्जर के प्रयासों व अनुशंसा पर बजट 2023-24 में सरकार ने ग्राम पंचायत भांकरी के उपस्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत करने की घोषणा की थी। भांकरी गांव के लोगों को नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सौगात मिली है। यहां पर पहले उप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित हो रहा था अब सरकार ने बजट घोषणा की क्रियान्विति करते हुए करते हुए उक्त अस्पताल को क्रमोन्नत करने के आदेश जारी कर दिये व पदो की वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी। जिसके तहत अब उक्त पीएचसी में एक चिकित्सा अधिकारी, दो नर्स श्रेणी द्वितीय, एक महिला स्वास्थ्य दर्शिका, एक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एक फार्मासिस्ट, एक लैब टेक्नीशियन, दो वार्ड ब्वाय, एक सफाई कर्मचारी, एक मशीन विद मैन सहित कुल 11 अधिकारी कर्मचारी यहां जल्दी ही पदस्थापित होंगे।

## जन्मदिन पर युवाओं टी-शर्ट दी

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ कस्बे के नारनौल रोड के नारेड़ा कलां में एक निजी शिक्षण संस्थान में आयोजित हो रहे युवा चरित्र निर्माण एवं सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर के बच्चों को समर्पण सेवा संस्था एवं मानव अधिकार सुरक्षा संगठन बहरोड़ इकाई अध्यक्ष प्रदीप सिरोडिया द्वारा छोटे भाई के जन्मदिन पर दोनों संस्थाओं के नाम से आर्य दल के बच्चों को 150 टी- शर्ट भेंट कर जन्मदिन मनाया।

इसी दौरान समर्पण सेवा संस्था के वरिष्ठ सदस्य व उद्योगपति कृष्ण कुमार यादव ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। मानव अधिकार सुरक्षा संगठन प्रदेश प्रभारी रेणुका ने प्रदेशिक आर्य वीर दल राजस्थान तथा राव उमराव टीटी कॉलेज के चेयरमैन और आचार्य राम कृष्ण शास्त्री का धन्यवाद दिया। इस दौरान वीरेंद्र प्रजापति, विजय शर्मा, राजेश मेहता, राकेश मुच्छल, कृष्ण कुमार यादव, दीपाक्षी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# माली महासंगम रथ के साथ बाजारों में संपर्क किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** माली समाज एकता ने अपना पूरा दमखम दिखाते हुए माली महासंगम रथ के साथ साथ बाजारों में समाज के दुकानदारों से सम्पर्क कर 4 जून को जयपुर माली महासंगम में चलने एवं अपने प्रतिष्ठान एक दिन के लिए बंद रखने का आग्रह किया।

- **4 जून को जयपुर माली महासंगम में चलने एवं अपने प्रतिष्ठान एक दिन के लिए बंद रखने का आग्रह किया**

समाज के पीडी सैनी, राजू बागवान, ललित सैनी, पूर्व वैज्ञानिक सीताराम सैनी, भगवान सहाय सैनी ने बताया कि समाज के सभी लोगों ने एकता का परिचय देते हुए प्रतिष्ठान बंद रखने की सहमति दी।



चाकसू में माली महासंगम रथ के साथ बाजारों में समाज के दुकानदारों से सम्पर्क कर महासंगम में चलने का आग्रह किया।

दिनेश सैनी, बाबूलाल सैनी, दिनेश हलवाई, सागर सैनी, लाल बहादुर सैनी ने बताया कि इससे पहले गांव -गांव व ढाणी- ढाणी में संपर्क किया है। अब अंतिम चरणों में बाजारों में संपर्क कर रहे हैं। माली महासंगम में चलने हेतु सब्जी मंडी एवं फल विक्रेताओं से सम्पर्क किया गया।


## कार्यालय नगर पालिका लालसोट (दौसा)

Email ID-lalsot.jaipur@vahoo.com Ph.-01431-260714

क्रमांक-न.पा.ला./2023/1207 दिनांक-01.06.2023

### आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 में 69 ए व निलामी पट्टा प्राप्त करने के लिए पत्रावलियां प्राप्त हुई है इन में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में मय लिखित दस्तावेज नगर पालिका में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। अतः सूचना मेरे हस्ताक्षर मय मुहर के अधिन आज दिनांक..... को जारी की हैं।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | मोहल्ला/वार्ड का नाम | क्षे.व.ग. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मंजूर खान | सहीद खान | लाल क्लब, लालसोट | 130.0 |
| 2 | जगदीश प्रसाद | परमानन्द महावर | कोलियान बस्ती, लालसोट | 148.06 |
| 3 | पूनी देवी | मूलचन्द महावर | कोलियान बस्ती, लालसोट | 148.17 |
| 4 | केदार प्रसाद | देवीसहाय गुप्ता | झरण्डा के पास लालसोट | 13.33 |
| 5 | फरीद, हनीश बेग | हबीब बेग | बडा मोहल्ला लालसोट | 32.05 |
| 6 | हरगोविन्द मौर्य | केशर लाल | रैगरमोहल्ला लालसोट | 29.94 |
| 7 | हरि सिंह | परमानन्द महावर | कोलियान बस्ती, लालसोट | 147.29 |
| 8 | राधेश्याम | देवीसहाय गुप्ता | झरण्डा के पास लालसोट | 13.33 |
| 9 | हेमलता देवी | नरेन्द्र महावर | तम्बाकू पाडा लालसोट | 263.59 |
| 10 | कन्तो सैनी | अम्बा लाल सैनी | तलाब की ढाणी लालसोट | 305.55 |
| 11 | अम्बा लाल | रामनाथ सैनी | तलाब की ढाणी लालसोट | 300 |
| 12 | संदीप | लटूर चन्द गुर्जर | खोहरा पाडा लालसोट | 93.33 |
| 13 | कुलदीप | लटूर चन्द गुर्जर | खोहरा पाडा, लालसोट | 308.60 |
| 14 | हेमराज मीना | रेवडमल मीना | पुरोहित तिबारा लालसोट | 123.05 |
| 15 | पुरूषोत्तम मोदी | देवीसहाय मोदी | झरण्डा के पास, लालसोट | 26.66 |
| 16 | हनुमान प्रसाद | हरिशंकर मोदी | झरण्डा के पास लालसोट | 10.54 |
| 17 | विनोद | रामस्वरूप | रैगर मोहल्ला लालसोट | 47.50 |
| 18 | मेवाराम महावर | नानगराम महावर | तम्बाकू पाडा लालसोट | 110.73 |
| 19 | भरतलाल शर्मा | गिरधारीलाल | कोथून रोड लालोट | 33.33 |
| 20 | फुला देवी | महादेववर्मा | रैगर मोहल्ला लालसोट | 108 |
| 21 | भुरी लाल | मूलचन्दकुम्हार | लाहड का कुआ लालसोट | 60.66 |
| 22 | प्रेम देवी | सत्यनारायण महाजन | राजोली रोड लालसोट | 103.33 |
| 23 | सुनिल शर्मा | बसन्तीलाल | उपरला पाडा लालसोट | 92.89 |
| 24 | कैलाशसोनी | छोगालाल | सर्राफा बाजार लालसोट | 28.62 |
| 25 | हनुमान प्रसाद | रामस्वरूप पांचाल | गंगापुर रोड लालसोट | 13.33 |
| 26 | अशोक कुमार | रामस्वरूप पांचाल | गंगापुर रोड लालसोट | 13.33 |
| 27 | मंजू सोनी, रजत सोनी, यश सोनी | विनोद कुमार सोनी | झरण्डा के पास लालसोट | 60 |
| 28 | इस्लामुद्दीन, अ. सलाम अ.कलाम, शेर अली | अल्लाह बक्स | लुहारू बाजार, लालसोट | 66.11 |
| 29 | बाबूलाल, ओमप्रकाश | मूलचन्द रैगर | रैगर मोहल्ला, लालसोट | 185 |
| 30 | बाबूलाल रैगर | मूलचन्द रैगर | रैगर मोहल्ला, लालसोट | 23.25 |

(रक्षा मिश्रा)
अध्यक्ष
नगर पालिका लालसोट

(सीमा चौधरी)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका लालसोट